राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–86/2024

राज्यपाल ने मतदाताओं से मतदान करने का आवाहन किया

पटना, 17 अप्रैल, 2024 :– माननीय राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने लोकसभा चुनाव, 2024 के प्रथम चरण में बिहार के औरंगाबाद, गया, नवादा एवं जमुई संसदीय क्षेत्रों में होनेवाले चुनाव में मतदाताओं से उत्साहपूर्वक मतदान करने का आवाहन किया।

राज्यपाल ने कहा है कि मताधिकार हमारी सबसे बड़ी शक्ति है। मतदान करना हमारा अधिकार ही नहीं, बल्कि कर्त्तव्य भी है। उन्होंने मतदाताओं से धर्म, जाति, निजी लाभ आदि संकीर्ण भावनाओं से उपर उठकर बिना किसी भय के मतदान करने को कहा है।

उन्होंने कहा है कि हर मतदाता का मत भारत में लोकतंत्र को मजबूत करेगा तथा देश एवं राज्य के विकास की उनकी परिकल्पना को साकार रूप देगा। युवा पीढ़ी विशेषकर, पहली बार मतदाता बने युवाओं को उनके सुदृढ़ भविष्य के लिए जरूर मतदान करना चाहिए। उन्होंने मतदाताओं से कहा है कि वे अपनी जिम्मेदारी समझें और मतदान के दिन सब काम छोड़कर मतदान को प्राथमिकता दें।

……………………………………….